सर पदमपत सिंहानिया ने जीता स्वर्ण व कांस्य

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया विद्यालय ने सीबीएसई नेशनल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2023-24 में स्वर्ण पदक व कांस्य पदक प्राप्त कर इतिहास रचा। मध्य प्रदेश के भोपाल में हुई चैम्पियनशिप में देश-विदेश के विद्यालयों ने हिस्सा लिया। स्कूल के 13 छात्रों (8 छात्र, 5 छात्राएं) ने 1200 छात्रों के बीच अपनी प्रतिभा दिखाई। अंडर-14 के मिक्स्ड डबल्स में उज्जवल अवस्थी ने स्वर्ण और अंडर-14 ब्वॉयज टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम में दक्ष खंडेलवाल, आशुतोष गुप्ता, उज्जवल अवस्थी, सृजन महाजन रहे।